हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 35 .3 डिग्री से.
न्यूनतम 18 .5 डिग्री से.

10 पहले हुई बरसात से धान में नमी 35 प्वाइंट पार ...



10 नुक्कड़ नाटक से नशे के खिलाफ किया जागरुक



खबर संक्षेप

बाइक सवारों ने महिला की बाली झपटी

यमुनानगर। प्रतापनगर में बाइक सवार दो युवकों ने महिला के कान से सोने की बाली झपट ली और फरार हो गए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रूकाली निवासी सुदेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 अक्टूबर को वह किसी काम से प्रतापनगर गई थी। जब वह सनराइज स्कूल के पास पहुंची तो बाइक सवार दो युवक आए और उसके कान से सोने की बाली झपटकर भाग गए। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आरोपियों का पीछा किया, लेकिन वे पकड़ में नहीं आए।

कहासुनी के बाद व्यक्ति से मारपीट, पत्नी से छेड़छाड़

यमुनानगर। रादौर थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर में रंजिश के चलते पांच लोगों पर एक व्यक्ति से मारपीट करने और उसकी पत्नी से छेड़छाड़ करने का आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि गांव के राहुल और अभिषेक के साथ उसकी कहासुनी हुई थी। इसके बाद दोनों उससे रंजिश रखने लगे। आरोप है कि राहुल और अभिषेक ने अपने परिवार के सदस्यों आरती, सुलोचना और राजकुमार के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। पत्नी उसे बचाने आई तो आरोपियों ने उसके साथ छेड़छाड़ की और जान से मारने की धमकी दी।

मुनाफे का लालच देकर 26.70 लाख रुपये ठगे

यमुनानगर। कंपनी में निवेश कर 6 से 7 प्रतिशत मुनाफा देने का लालच देकर त्यागी गार्डन निवासी अंकित से 26.70 लाख रुपये ठग लिए गए। अंकित के अनुसार, दिसंबर 2024 में उसकी मुलाकात नवाब अली और साजिद चौधरी से हुई थी। आरोपियों ने मूल राशि सुरक्षित रहने का भरोसा दिया। इसके बाद दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच उससे निवेश करवाया, लेकिन मुनाफा नहीं दिया। शिकायत पर गांधीनगर थाना पुलिस ने कंपनी के डायरेक्टर नवाब अली, साजिद चौधरी, राशीद चौधरी, शुभम गुप्ता, सूरज कुमार और दीपक सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

डॉ. अर्चना बनी केयू की दो शोध पत्रिकाओं की संपादक

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अर्थशास्त्र विभाग की प्रोफेसर डॉ. अर्चना को विश्वविद्यालय की दो शोध पत्रिकाओं का संपादक नियुक्त किया है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि डॉ. अर्चना को केयू रिसर्च जर्नल ऑफ आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज तथा जर्नल ऑफ हरियाणा स्टडीज का संपादक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से आगामी आदेशों तक लागू रहेगी।



पानीपतः हत्यारोपी यूपी से पकड़ा

पानीपत। पानीपत की धमीजा कॉलोनी में गत माह हुई जावा कॉलोनी निवासी अशरफ की मौत के मामले में थाना तहसील कैंप पुलिस ने तीसरे और मुख्य आरोपी वसीम को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अशरफ की हत्या के बाद यूपी में निवास कर रही अपनी बहन के घर पर पनाह लिए हुए थे।

पानीपतः पुलिस चोर को जेल से लाई

पानीपत। हुडा सेक्टर 13/17 पुलिस बाइक चोरी के आरोपी गुलशन निवासी कालू पीर को प्रोडक्शन वारंट पर जेल से लाई। थानेदार के अनुसार, आरोपी ने टोल प्लाजा के पास बाइक चोरी करना स्वीकार किया है। गांधी कॉलोनी निवासी भूपेंद्र कपूर की शिकायत पर केस दर्ज है।

सुबह चार बजे से धान लेकर खड़े थे किसान, कर्मी की तबीयत बिगड़ने से बंद थे गेट पास

गेट पास नहीं कटने पर किसानों ने स्टेट हाइवे पर लगाया जाम

मार्केट कमेटी सचिव ने दूसरे कर्मचारी से शुरू करवाए गेट पास इसके बाद खुला जाम

- इंद्री अनाज मंडी के बाहर एक घंटे तक ठप रहा यातायात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

अनाज मंडी इंद्री में बुधवार सुबह मंडी के गेट नंबर 3 पर गेट पास नहीं कटने से खफा धान लेकर आए किसानों ने इंद्री -लाडवा स्टेट हाइवे पर अनाज मंडी के बाहर जाम लगा दिया । करीब एक घंटे तक जाम रहने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह अनाज मंडी के गेट नंबर 3 पर गेट पास नहीं कटने से मंडी के बाहर स्टेट हाईवे पर ट्रैक्टर ट्रालियों की लंबी-लंबी लाइन लग गई । बार-बार किसानों के प्रयास करने के बाद भी जब गेट पास कटने शुरू नहीं हुए तो किसानों ने गेट के सामने ट्रैक्टर ट्रालियां अड़ा कर सडक़ पर जाम लगा दिया । इस दौरान किसानों ने मार्किट कमेटी प्रशासन व सरकार के खिलाफ नारेबाजी की । मंडी में धान लेकर आए किसान अनिल कुमार, छैलाराम, ओमप्रकाश, राजेंद्र, जितेंद्र, बलवान सिंह, ऋषिपाल, राजपाल, रणबीर व मनदीप सहित काफी संख्या में किसानों ने बताया कि वह धान की ट्रालियां लेकर सुबह चार बजे से लाइनों मे खड़े हैं और गेट पास कटने का इंतजार कर रहे हैं । लेकिन सुबह सात बजे तक गेट पास कटने शुरू नहीं हुए । उन्होंने गेट पास कटवाने के लिए काफी प्रयास किया लेकिन गेट पास काटने वाला काउंटर नहीं खुला तो किसानों का गुस्सा फूट गया और मंडी के सामने जाम लगा दिया ।

सूचना मिलते ही इंद्री पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाने का प्रयास किया लेकिन किसानों ने गेट पास काटने शुरू करवाने की मांग की । जिसके बाद मार्केट कमेटी सचिव मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत कर गेट पास काटने शुरू करवाए उसके बाद किसानों ने जाम खोल दिया । इस मामले में मार्केट कमेटी सचिव अमित कुमार ने बताया कि गेट पास काटने वाले कर्मचारि की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी जिस कारण गेट पास कटने बंद हुए थे । मौके पर पहुंचकर दूसरे कर्मचारियों को बुलाकर गेट पास काटने शुरू करवा दिए हैं ।





इंद्री। इंद्री अनाज मंडी के बाहर स्टेट हाइवे पर ट्रैक्टर-ट्रालियां अड़ाकर किसानों द्वारा लगाया गया जाम एवं किसानों से बातचीत करते मार्केट कमेटी सचिव अमित कुमार व पुलिस।

करनाल: किसानों ने अनाज मंडी में मार्केट कमेटी कार्यालय पर जड़ा ताला



करनाल। अनाज मंडी में मार्केट कमेटी कार्यालय का घेराव करते किसान।

- धान खरीद, नमी जांच और तुलाई में अनियमितताओं के आरोप लगाकर किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा और किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने करनाल अनाज मंडी स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय पर तीन घंटे तक ताला लगाकर घेराव किया। किसान नेताओं ने धान खरीद, नमी जांच, तुलाई और सरकारी खरीद एजेंसियों की कार्यप्रणाली में अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। सरकारी खरीद एजेंसियों के समय पर मंडी नहीं पहुंचने से किसानों को निर्धारित 2,461 रुपये प्रति क्विंटल से कम दरों पर धान बेचना पड़ रहा है। वरिष्ठ किसान नेता रत्नमान ने पोर्टल व्यवस्था और प्रति एकड़ उपज निर्धारित करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने धान में नमी की सीमा 17 से बढ़ाकर 20%करने, मंडियों में सरकारी कांटों को दुरुस्त रखने की मांग की। किसान संगठनों ने 17 अक्टूबर को भाजपा जिला कार्यालयों के बाहर सरकार का पुतले फूंकने का निर्णय लिया।

कुरुक्षेत्र के केडीबी रोड पर हादसा

बेकाबू कैंटर पार्किंग में घुसा 12 बाइक व 4 कारें क्षतिग्रस्त



कुरुक्षेत्र। शहर के केडीबी रोड़ पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार कैंटर अनियंत्रित होकर जिम की पार्किंग में जा घुसा। कैंटर ने पार्किंग में खड़ी 10 से 12 मोटरसाइकिलों को रौंद दिया और 3 से 4 कारों को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। हादसे में 3 से 4 लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। हादसा सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच हुआ। कैंटर फ्लाईओवर से नीचे उतर रहा था। इसी दौरान चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और कैंटर सीधे जिम की पार्किंग में जा घुसा। अचानक हुए हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पार्किंग में खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहन कैंटर की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। पुलिस ने कैंटर को काबू कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, भाई बचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

उगाला गांव के पास एक कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक हरजिंदर की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई बाल-बाल बच गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी गाय से जा टकराई। पुलिस को दी गई शिकायत में उगाला गांव के धर्मबीर सिंह ने बताया कि वह शादी समारोह में वेटर का काम करता है। उसके ताऊ का लड़का हरजिंदर कुमार मोहड़ी गांव स्थित एक सोलर फैक्टरी में काम करता था। धर्मबीर ने बताया कि बीते रोज वह शाहबाद संगत पैलेस में काम पर गया हुआ था। काम समाप्त होने के बाद शाम 7:30 बजे वह शाहबाद मोड़ पर घर जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान उसका ताऊ का लड़का हरजिंदर कुमार भी बाइक पर वहां आ गया। धर्मबीर भी हरजिंदर की बाइक के पीछे बैठ गया और दोनों अपने गांव उगाला की तरफ रवाना हो गए। उगाला गांव के पास एक कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक हरजिंदर की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई बाल-बाल बच गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी गाय से जा टकराई। अब पुलिस हादसे को अंजाम देने वाले लापरवाह वाहन चालक की तलाश कर रही है।

क्रिप्टो और शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 13 लाख ठगे

अंबाला। क्रिप्टो करेंसी और इंटरनेशनल शेयर बाजार में निवेश कर हर महीने 9 प्रतिशत मुनाफा देने का झांसा देकर एक युवक से 13 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने रकम वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुख्य आरोपी, उसकी पत्नी और एक अन्य साथी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मोची मंडी निवासी दीपक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ऑटोमोबाइल पेंट रिपेयर और एसेसरीज का काम करता है। वर्ष 2023 में उसके चचेरे भाई मनोज शर्मा निवासी सावन विहार, जंडली ने उससे संपर्क किया। मनोज ने स्टॉक और क्रिप्टो ट्रेडिंग से मोटा मुनाफा कमाने का दावा किया। आरोप है कि मनोज ने अपनी पत्नी शिखा और साथी निखिल निवासी न्यू प्रीत नगर, अंबाला कैंट के साथ मिलकर उसे निवेश के लिए राजी किया।दीपक के अनुसार, 18 नवंबर 2024 को उसने अपनी और परिवार की जमा पूंजी के 13 लाख रुपये एनईएफटी के जरिए मनोज के खाते में ट्रांसफर कर दिए। रकम मिलने के बाद आरोपियों ने न तो मूल राशि लौटाई और न ही मुनाफा दिया। पैसे मांगने पर आरोपियों ने रकम खर्च करने की बात कही और धमकी दी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने व्हाट्सएप चैट और मैसेज भी डिलीट कर दिए।जांच अधिकारी एएसआई नरेश कुमार ने बताया कि शिकायत, बैंक स्टेटमेंट और बयानों की जांच के बाद मनोज, शिखा और निखिल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है

- हर महीने 9 प्रतिशत मुनाफे का दिया था झांसा
- रकम वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

खेतों से ट्यूबवेल मोटर चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



करनाल। करनाल पुलिस ने खेतों से ट्यूबवेल मोटर चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक करन गोयल, आईपीएस के मार्गदर्शन में सीआईए-2 प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह की टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आशु पुत्र नरेश, सोनू पुत्र कालू और विक्की शुभम, निवासी गांव रांधोली, जिला करनाल के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, गांव महमदपुर निवासी सतीश ने थाना कुंजपुरा में शिकायत दी थी कि 5 सितंबर 2026 की रात कुंजपुरा से मुगल माजरा रोड स्थित उसके खेत से अज्ञात चोर ट्यूबल मोटर चोरी कर ले गए थे। शिकायत के आधार पर थाना कुंजपुरा में चोरी की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान सीआईए-2 की टीम ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा और रिमांड लेकर पूछताछ की जाएगी, ताकि चोरीशुदा ट्यूबवेल मोटर की बरामदगी तथा वारदात से जुड़े अन्य तथ्यों का पता लगाया जा सके।

कंपनी में निवेश के नाम पर युवक से हड़पे 26.70 लाख रुपये

यमुनानगर। कंपनी में निवेश करवा अधिक मुनाफा देने का लालच देकर त्यागी गार्डन निवासी अंकित से 26 लाख 70 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप कंपनी के डायरेक्टर नवाब अली, साजिद चौधरी, राशीद चौधरी, शुभम गुप्ता, सूरज कुमार व दीपक सिंह पर लगा है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर के कन्हैया साहब चौक त्यागी गार्डन निवासी अंकित ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि दिसंबर 2024 में उसकी मुलाकात नवाब अली व साजिद चौधरी के साथ हुई। आरोपियों ने उसे कहा कि उन्होंने एक कंपनी बनाई हुई है। जिसमें पैसा निवेश करने पर 6 से 7 प्रतिशत तक का मुनाफा मिलता है। इसके साथ ही उनकी मूल धनराशि भी सुरक्षित रखी जाती है। वह आरोपियों की बातों में आ गया। इस दौरान आरोपियों ने उसे अपने दफ्तर में बुलाया। जहां उसकी मुलाकात राशीद चौधरी, शुभम गुप्ता, सूरज कुमार व दीपक सिंह के साथ हुई। यह सभी कंपनी के डायरेक्टर हैं। अंकित ने बताया कि आरोपियों ने दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच उससे अलग-अलग करके कंपनी में 26 लाख 70 हजार रुपये निवेश करवा लिए। इसके बाद आरोपियों ने उसे प्रॉफिट का पैसा नहीं दिया। जब उसने आरोपियों से प्रॉफिट के पैसे मांगे तो आरोपियों ने उसे संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उसने परेशान होकर आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- हर महीने 6 से 7 प्रतिशत मुनाफे और मूल रकम सुरक्षित रहने का दिया था भरोसा

टेलीग्राम पर टास्क देकर 22.61 लाख रुपये ठगे

यमुनानगर। साइबर ठगों ने टेलीग्राम पर टास्क देकर अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर तिलक नगर निवासी राजकुमार से 22 लाख 61 हजार रुपए ठग लिए। जब राजकुमार को अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के पास अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। तिलक नगर निवासी राजकुमार ने साइबर क्राइम पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 19 सितंबर को उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया। उसने जब मैसेज पर क्लिक किया तो वह एक टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ गया। जहां पर टास्क पूरा कर मुनाफा कमाने के संबंध में बातचीत चल रही थी। इसके बाद आरोपियों ने उसे मैसेज के माध्यम से बात करनी शुरू कर दी। आरोपियों ने उसे पहले आसान टास्क दिए। जब उसने आसान टास्क को पूरा कर लिया तो उसके अकाउंट में प्रॉफिट के पैसे भेजे गए। इसके बाद आरोपियों ने उसे मुश्किल टास्क देने शुरू कर दिए। आरोपियों ने टास्क देने के बदले उससे अलग-अलग करके 22 लाख 61000 अपने अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए। आरोपियों ने 19 सितंबर से 12 अक्टूबर के बीच उससे यह पैसे ट्रांसफर करवाए। इसके बाद आरोपियों ने उसे प्रॉफिट के पैसे नहीं दिए। उसने जब आरोपियों से प्रॉफिट के पैसे मांगे तो आरोपियों ने उसे ग्रुप से रिमूव कर दिया। इस दौरान उसे अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- शुरुआत में टास्क पूरा करने पर दिया मुनाफा, बाद में बड़ी रकम ऐंठकर ग्रुप से हटाया

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने किया भवन का शिलान्यास

बच्चों की पढ़ाई सामाजिक बैठकों और गरीब परिवारों के शादी-समारोह में आएगा काम

शाहाबाद में 36 बिरादरी के लिए बनेगा आधुनिक जाट भवन

भवन निर्माण के लिए 11 लाख रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा

- प्रदेश में धान खरीद और उठान का काम नियमित और सुचारू रूप से चल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि जीटी रोड पर 36 बिरादरी के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त भव्य जाट भवन तैयार होगा। यह भवन केवल एक जाति विशेष का नहीं, बल्कि 36 बिरादरी के लिए होगा। सरकार की नीति सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की है। इसी भावना के साथ इस भवन का निर्माण किया जा रहा है ताकि समाज के हर वर्ग को इसका लाभ मिल सके। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा बुधवार को शाहाबाद मारकंडा में प्रस्तावित जाट भवन का विधिवत शिलान्यास किया।



शाहबाद। पूजन करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा। फोटो: हरिभूमि

कैबिनेट मंत्री ने भवन निर्माण में 11 लाख रुपए की सहयोग राशि देने की घोषणा की। उन्होंने जाट भवन निर्माण समिति के पदाधिकारियों को बधाई दी और भवन के जल्द से जल्द बनकर तैयार होने की कामना की। उन्होंने कहा कि जीटी रोड पर शाहाबाद में बनने वाला यह जाट भवन सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। यह भवन सभी नागरिकों के सहयोग से तैयार होगा। समाज के भले और जरूरत को पूरा करने के लिए इस भवन का निर्माण किया जा रहा है। आज के समय में हमारे बच्चों को पढऩे के लिए, सामाजिक बैठकों के लिए और गरीब परिवारों को शादी-समारोह के लिए एक अच्छी जगह की जरूरत होती है। यह भवन उन सभी जरूरतों को पूरा करेगा। ढांडा ने कहा कि प्रदेश में धान की फसल की खरीद और उठान का काम नियमित रूप से और सुचारू रूप से चल रहा है। इस मौके पर चेयरमैन सुभाष कलसाना, चेयरमैन रविंद्र सांगवान, जिला प्रधान रमेश सैनी, प्रधान जितेंद्र खैरा, मलकीत ढांडा, विक्रम अटवान, यशपाल चहल, मानसिंह देशवाल, राजेश, सचिन, सुल्तान, राहुल रतनगढ़, जगदीप सांगवान सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

मानवी ने तीन ईंटों पर एक पैर से खड़े रहकर बनाया रिकॉर्ड

खेल मंत्री ने मानवी और पिता को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल शहर के गांव बागपति की छह वर्षीय मानवी ने कम उम्र में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। मानवी ने तीन ईंटों के ऊपर एक पैर पर 2 मिनट 3 सेकंड तक संतुलन बनाकर खड़े रहने का कारनामा किया। इस उपलब्धि को मानवी और उनके पिता मास्टर सतीश कुमार राणा ने 13 सितंबर 2026 को मुंबई में दर्ज कराया, जिससे करनाल और हरियाणा का नाम रोशन हुआ। इस उपलब्धि के लिए 13 अक्तूबर को चंडीगढ़ में हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने मानवी और उनके पिता मास्टर सतीश कुमार राणा को फूल-मालाएं पहनाकर तथा प्रमाणपत्र और पदक देकर सम्मानित किया। खेल मंत्री ने मानवी को आशीर्वाद देते हुए उसकी स्कूली शिक्षा निशुल्क करवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतिभाशाली बेटियां हरियाणा का भविष्य हैं। मानवी की उपलब्धि पर परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर मास्टर सतीश कुमार राणा ने खेल मंत्री गौरव गौतम का आभार व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

भीम एप से तीन चरणों में खुल सकेगा एनपीएस खाता

करनाल। एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड ने घोषणा की है कि भीम भुगतान ऐप पर अब तत्काल राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध होगी। पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण की ओर से शुरू की गई इस सुविधा का उद्देश्य पेंशन योजना से जुड़ने की प्रक्रिया को आसान बनाना है। इसके तहत पात्र उपयोगकर्ताओं को बैंक शाखा जाने या नए दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।

18 तक बैंक दस्तावेज जमा करवाने की अपील

करनाल। जाट महासभा करनाल ने जनवरी 2021 से वर्ष 2026 तक महासभा की सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों से 18 अक्तूबर तक सत्यापित बैंक संबंधी दस्तावेज जमा करवाने की अपील की है। महासभा के महासचिव चरण सिंह मलिक ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया के तहत पारदर्शिता बनाए रखने और सदस्यता संबंधी रिकॉर्ड व्यवस्थित करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि सदस्य अपने दस्तावेज जाट भवन, सेक्टर-12, करनाल अथवा रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसाइटी, जिला करनाल के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। संबंधित सदस्यों को इस संबंध में पत्र रजिस्ट्री के माध्यम से भेजे गए हैं।

सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर सख्ती, संपत्ति कर वसूली में तेजी लाने के निर्देश

पंद्रह दिन बाद फिर होगी समीक्षा बकायादारों पर सीलिंग की तैयारी

सफाई एजेंसी को कमियां दूर करने के लिए 10 दिन का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने के निर्देश देतीं जिला नगर आयुक्त एवं नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा।

जिला नगर आयुक्त एवं नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने नगर निगम करनाल तथा करनाल कलस्टर के अंतर्गत आने वाले करनाल, कुरुक्षेत्र और कैथल के शहरी निकायों में सफाई व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, लाल डोरा संपत्ति प्रमाण पत्र वितरण, स्व-प्रमाणीकरण और संपत्ति कर वसूली की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने और लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी। सफाई व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक घर से नियमित कचरा उठान सुनिश्चित किया जाए। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में कमी दूर करने के लिए जरूरत के अनुसार टिप्पर वाहन और रेहड़ियां उपलब्ध कराई जाएं। वाहनों की जीपीएस से निगरानी करने के साथ कचरे का स्रोत पर पृथक्करण सुनिश्चित किया जाए। सभी टिप्पर वाहनों में निर्धारित रंगों के चार प्रकार के कूड़ेदानों की व्यवस्था अनिवार्य होगी। निगमायुक्त ने सुगम स्वच्छता एजेंसी को वाहनों की कमी दूर करने और उन्हें कार्यशील स्थिति में रखने के लिए 10 दिन का समय दिया। निर्देशों की पालना नहीं होने पर पेनल्टी लगाने की चेतावनी दी।

लाल डोरा प्रमाण पत्र वितरण की धीमी गति पर नाराजगी

संपत्ति संबंधी कार्यों की समीक्षा में सलोनी शर्मा ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र की 16,504 संपत्तियों में से अब तक 2,291 लाल डोरा संपत्ति प्रमाण पत्र जारी हुए हैं, जबकि 7,340 संपत्तियां स्व-प्रमाणित हो चुकी हैं। उन्होंने प्रमाण पत्र वितरण में तेजी लाने और वार्ड पार्षदों व वार्ड समितियों का सहयोग लेने के निर्देश दिए। जिले में कुल 1,73,695 प्रॉपर्टी आईडी में से 73,148 का स्व-प्रमाणीकरण हुआ है। इस कार्य में तेजी लाने के लिए वार्डों और कॉलोनियों में शिविर लगाने तथा सरकारी विभागों का स्व-प्रमाणीकरण भी सुनिश्चित करने को कहा। प्रॉपर्टी आईडी से जुड़ी आपत्तियों का निस्तारण निर्धारित समय में करने और नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न कटवाने के निर्देश दिए।

नगर निगम ने वसूला 26.03 करोड़ रुपये संपत्ति कर

समीक्षा के दौरान बताया गया कि नगर निगम करनाल ने वित्त वर्ष 2026-27 में अब तक 26 करोड़ 3 लाख रुपये संपत्ति कर वसूला है। वहीं घरौंडा और नीलोखेड़ी नगर पालिकाओं ने 90-90 लाख रुपये, तरावड़ी ने 72 लाख, निसिंग ने 45 लाख, इंद्री ने 39 लाख और असंध ने 30 लाख रुपये की वसूली की है। निगमायुक्त ने एक लाख रुपये से अधिक के बकायादारों से वसूली के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने और नोटिस के बावजूद भुगतान नहीं करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों पर भी नियम समान रूप से लागू होंगे। असंध नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर असंतोष जताते हुए सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने निकायों में जागरूकता गतिविधियों के लिए नगर पालिकाओं में एक-एक, नगर परिषदों में दो-दो और नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में एक-एक मोटिवेटर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पोर्टल पर सही डाटा अपलोड करने, कचरा परिवहन की ट्रिप वीडियो दर्ज करने, ट्रांसफर स्टेशनों पर वे-ब्रिज की व्यवस्था सुनिश्चित करने और एजेंसी के बिलों का भुगतान पोर्टल के माध्यम से करने को कहा। गलत डाटा प्रस्तुत किए जाने पर नगर पालिका ईस्माईलाबाद के सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। प्रोसेसिंग प्लांट में कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण और आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। सफाई व्यवस्था की अगली समीक्षा 15 दिन बाद होगी।

बैठक में उप निगम आयुक्त विनोद नेहरा, कर अधीक्षक मनोज मान, सहायक जितेन्द्र मलिक, अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी, स्वच्छता अधिकारी महावीर सोढ़ी, मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेंद्र चोपड़ा, कुरुक्षेत्र के जिला नगर आयुक्त अमन कुमार, कैथल के जिला नगर आयुक्त कपिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी और एजेंसी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

न्यूज डायरी



योजनाओं की जानकारी लेकर बनें आत्मनिर्भर: मीनू

करनाल। कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में इनोवेशन, इन्क्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप सेल की ओर से आईक्यूएसी एवं आईसीसी के तत्वावधान में सरकारी योजनाओं, उद्यमिता एवं स्टार्टअप विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार हुआ। इसमें द फिनिशिंग स्कूल के संस्थापक निदेशक तथा स्टार्टअप इन्क्यूबेटर-कम-सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, करनाल के पूर्व सेंटर हेड डॉ. सुनंत ग्रोवर मुख्य वक्ता रहे। डॉ. ग्रोवर ने छात्राओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, स्वरोजगार के अवसरों और स्टार्टअप शुरू करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को अपने नवाचारी विचारों को व्यावसायिक रूप देने तथा उपलब्ध योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा ने कहा कि उद्यमिता और स्टार्टअप युवाओं के लिए करियर निर्माण के महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

दशहरा मैदान तक निकलेगी भव्य शोभायात्रा



करनाल। श्री रामलीला सभा की ओर से विजयदशमी उत्सव की तैयारियां जोरशोर से की जा रही हैं। दशहरा 20 अक्तूबर को सेक्टर-4 स्थित दशहरा मैदान में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, विधायक जगमोहन आनंद, महापौर रेणु बाला गुप्ता और समाजसेवी बृज गुप्ता को आमंत्रित किया गया है। पद्म सेन गुप्ता, शम्मी बंसल और दीपक गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगे। सभा के मेला प्रभारी अनुज जायसवाल ने बताया कि रामलीला भवन, रेलवे रोड से नौ देवियों के स्वरूपों से सुसज्जित भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया। सभा के प्रधान कपिल गर्ग ने बताया कि रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले रामलीला भवन में कारीगरों द्वारा तैयार किए जा रहे हैं। दशहरे के दिन रामलीला भवन से दशहरा मैदान तक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर गौरव गर्ग, अजय जैन, राघव दीवान और उमेश गुप्ता सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



हॉकी में पानीपत, रायगढ़ और अमृतसर विजेता

करनाल। एसपीएस कॉन्वेंट स्कूल की ओर से हॉकी स्टेडियम कैलाश में आयोजित सीबीएसई नेशनल हॉकी चैंपियनशिप का बुधवार को समापन हो गया। अंडर-19 वर्ग में चंदन बाल विकास स्कूल, पानीपत ने सचिदानंद स्कूल, तमिलनाडु को 5-0 से हराया। अंडर-14 वर्ग में ओपी जिंदल स्कूल, रायगढ़ ने वेल्स स्कूल को 4-1 से पराजित किया। अंडर-17 वर्ग में एसजीजीएस अकादमी, खालसा अमृतसर ने सनवे स्कूल, रामपुर, उत्तर प्रदेश को 6-1 से हराकर खिताब जीता। समापन समारोह में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया मुख्य अतिथि रहे। जिला खेल अधिकारी सत्यवीर सिंह, हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव मीना कांबोज और तमिलनाडु से डॉ. कविदासन विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी तथा स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक देकर सम्मानित किया गया।

क्विज के दूसरे चरण में 9,260 छात्रों ने लिया भाग



करनाल। करनाल पुलिस की ओर से बुधवार को जिले के सभी छह ब्लॉकों में रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता के दूसरे चरण की ब्लॉक स्तरीय परीक्षा आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक करन गोयल, आईपीएस के मार्गदर्शन में परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हुई। इसमें कुल 9,260 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा और सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक करना था। इसमें चार स्तर निर्धारित किए गए थे। लेवल-1 में तीसरी से पांचवीं, लेवल-2 में छठी से आठवीं, लेवल-3 में नौवीं से बारहवीं तथा लेवल-4 में कॉलेज, आईटीआई और पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। करनाल, निसिंग, असंध, नीलोखेड़ी, घरौंडा और इंद्री ब्लॉकों में परीक्षा आयोजित की गई।



सीजेएम ने कानूनी सहायता केंद्रों का किया निरीक्षण

करनाल। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने इंद्री और करनाल खंड में स्थापित कानूनी सहायता केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त सिविल जज सीनियर डिवीजन इंद्री उदय प्रताप और सिविल जज जूनियर डिवीजन करनाल कुणाल मित्तल भी उपस्थित रहे। सीजेएम ने पैनल अधिवक्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद तपन रिहैबिलिटेशन सेंटर, नीलोखेड़ी में विद्यार्थियों और स्टाफ के लिए यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनों पर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। मीनाक्षी यादव ने आंतरिक और स्थानीय समितियों की भूमिका समझाते हुए ऐसे मामलों की शिकायत करने के लिए प्रेरित किया।



बैंक कर्मचारियों को साइबर ठगी के बचाव बताए

करनाल। करनाल पुलिस की ओर से राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत नमस्ते चौक के नजदीक स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक करन गोयल, आईपीएस के मार्गदर्शन में साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार और उनकी टीम ने बैंक कर्मचारियों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम में ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, फिशिंग लिंक, ओटीपी साझा करने, फर्जी बैंक अधिकारी बनकर ठगी करने और डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने कर्मचारियों को समझाया कि वे किसी अनजान व्यक्ति के साथ बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करें, संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें और ऑनलाइन लेन-देन करते समय सावधानी बरतें।



रामायण पाठक सभा ने अहिल्या उद्धार का किया मंचन

करनाल। श्री रामायण पाठक सभा की ओर से नवरात्र के तीसरे दिन प्रभु श्रीराम की लीलाओं के अंतर्गत अहिल्या उद्धार का नाट्य मंचन किया गया। मंचन में विश्वामित्र के यज्ञ में राक्षसों द्वारा बाधा डालने, राजा दशरथ से श्रीराम और लक्ष्मण को साथ भेजने का आग्रह करने तथा श्रीराम द्वारा ताड़का वध और मारीच-सुबाहु के संहार के प्रसंग प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का समापन गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या के उद्धार के दृश्य के साथ हुआ। विभिन्न पात्रों में श्रीराम की भूमिका अभिषेक शर्मा, लक्ष्मण की प्रवीण चौधरी, विश्वामित्र की अंकित दाबड़ा, दशरथ की अनिल गर्ग, गुरु वशिष्ठ की सतबीर, ताड़का की मोहित ठाकुर, मारीच की रॉबिन दाबड़ा और सुबाहु की लड्डू ने निभाई। अन्य कलाकारों ने भी अलग-अलग भूमिकाओं में भाग लिया।



10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा अभियान का किया आयोजन

इंद्री। शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में राजयोग एजुकेशन एवं रिसर्च फाउंडेशन के चिकित्सा विभाग द्वारा 10 करोड़ नशा मुक्ति जागरूकता एवं राष्ट्रीय प्रतिज्ञा अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के कर्मचारियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर राजयोग एजुकेशन एवं रिसर्च फाउंडेशन की प्रतिनिधि ब्रह्माकुमारी ममता बहन व उनकी टीम ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने एवं समाज में नशे से प्रभावित व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में ले जाने का संदेश दिया।



राजेश गोयल ने फीता काटकर किया मंचन का शुभारंभ

घरौंडा। श्री रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला महोत्सव के पंचम दिवस पर भगवान श्रीराम के वनवास प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। इस दौरान कलाकारों ने अपने शानदार अभिनय के माध्यम से भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास से जुड़े प्रसंगों को जीवंत कर दिया। मंचन ने उपस्थित दर्शकों को रामायण के आदर्शों, पारिवारिक रिश्तों, त्याग और कर्तव्यपालन की महत्ता से रूबरू करवाया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी राजेश गोयल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों को सफल मंचन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है।



शानदार अभिनय से छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

करनाल। राजकीय महिला महाविद्यालय, करनाल में हिंदी विभाग की ओर से साहित्यिक परिषद के अंतर्गत साहित्यिक पात्रों पर आधारित भूमिका-अभिनय गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. विवेक रंगा के मार्गदर्शन में हुआ। इसमें एमए हिंदी प्रथम एवं द्वितीय वर्ष तथा बीए की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पायल, मुस्कान, अक्षिता, मनु, काजल देवी, स्माइल और स्वाति ने विभिन्न नाटकों की झलकियां प्रस्तुत कर अपने अभिनय और संवादों के माध्यम से साहित्यिक पात्रों को जीवंत किया। प्रस्तुतियों में छात्राओं की रचनात्मकता, अभिव्यक्ति-कौशल और मंचीय प्रतिभा दिखाई दी। प्राचार्य डॉ. विवेक रंगा ने कहा कि साहित्य विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, मानवीय मूल्यों और सामाजिक चेतना का विकास करता है। ऐसी गतिविधियां आत्मविश्वास बढ़ाने और छिपी प्रतिभा को निखारने में सहायक हैं। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि साहित्यिक पात्रों का अभिनय करने के लिए उनकी मनःस्थिति, विचारों और परिस्थितियों को समझना जरूरी है।

पुलिस ने दी पोक्सो अधिनियम की जानकारी



करनाल। करनाल पुलिस की ओर से महिला जागरूकता पखवाड़े के तहत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, हरसिंहपुरा में छात्राओं को महिला सुरक्षा, अधिकारों और अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल, आईपीएस के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में महिला निरीक्षक राजेश लता ने छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने छात्राओं को समझाया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, शोषण या गलत व्यवहार को चुपचाप सहन न करें। ऐसी स्थिति में परिजनों, शिक्षकों या पुलिस को तुरंत जानकारी दें। उन्होंने गुड टच-बैड टच, संदिग्ध व्यक्तियों से सतर्क रहने और स्कूल आते-जाते समय अपनी सुरक्षा का ध्यान रखने की जानकारी भी दी। महिला निरीक्षक ने छात्राओं की समस्याएं सुनीं और सामने आए मामलों पर आवश्यक कार्रवाई की। छात्राओं को आपात स्थिति में पुलिस सहायता के लिए डायल-112 और महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 का उपयोग करने की जानकारी दी गई।

तीन अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

करनाल। जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने बुधवार को पुलिस बल के सहयोग से शहर में तीन अवैध कॉलोनियों के खिलाफ तोड़फोड़ की कार्रवाई की। ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस की निगरानी में की गई इस कार्रवाई के दौरान लगभग 12.75 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों में निर्माण ध्वस्त किए गए। जिला नगर योजनाकार कार्यालय की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार, पहली अवैध कॉलोनी घोड़सीपुर रोड पर हकीकत नगर के सामने स्थित थी। करीब 8 एकड़ में फैली इस कॉलोनी में 12 डीपीसी और सभी कच्ची सड़कों को ध्वस्त किया गया। दूसरी अवैध कॉलोनी गिरडे वाला पीर के पास स्थित थी, जिसका क्षेत्रफल लगभग 1.75 एकड़ था। यहां एक निर्माणाधीन मकान और सभी कच्ची सड़कों को तोड़ा गया।

जनसमस्याओं के समाधान और जनहित के कार्यों पर महापौर का विशेष ध्यान

- नागरिकों की शिकायतें सुन अधिकारियों को दिए निर्देश, विधायक राम कुमार कश्यप से की चर्चा; मां दुर्गा महोत्सव का निमंत्रण भी मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। जनसेवा के लिए जरूरी है कि लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर उनका समाधान किया जाए और विकास कार्यों में जनहित को प्राथमिकता दी जाए।

महापौर बुधवार को नगर निगम कार्यालय में नागरिकों से संवाद कर रही थीं। उन्होंने लोगों की समस्याएं और सुझाव सुने तथा अधिकांश मामलों का मौके पर ही समाधान करवाया। जिन मामलों में विभागीय कार्रवाई जरूरी थी, उनके शीघ्र निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, सड़कों, जल निकासी और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों को शिकायतों पर निर्धारित समय में कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। महापौर ने नगर निगम कार्यालय में हरियाणा विधानसभा के चीफ व्हिप एवं इंद्री विधायक राम कुमार कश्यप का स्वागत एवं अभिनंदन भी किया। इस दौरान जनसेवा, जनप्रतिनिधियों की भूमिका और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा हुई। महापौर ने कहा कि पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने और विकास कार्यों को गति देने पर विस्तार से चर्चा की।

पाढ़ा गांव में 25 करोड़ के विकास कार्यों को मंजूरी



करनाल। असंध विधायक योगेंद्र राणा के प्रयासों से गांव पाढ़ा में स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कुल 25 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। इनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये और कॉलेज निर्माण के लिए 15 करोड़ रुपये की राशि शामिल है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनने से पाढ़ा और आसपास के गांवों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद है। वहीं, कॉलेज बनने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में नहीं जाना पड़ेगा। इन परियोजनाओं से ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य और शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। विधायक योगेंद्र राणा ने परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि असंध विधानसभा क्षेत्र में जनता की जरूरतों के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

इनेलो में शामिल होने की चर्चाएं झूठी कांग्रेस में ही रहूंगा: लाठर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपिंद्र लाठर ने उनके इनेलो में शामिल होने को लेकर चल रही चर्चाओं को पूरी तरह निराधार और भ्रामक बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी राजनीतिक निष्ठा कांग्रेस पार्टी के प्रति है और वह कांग्रेस में ही रहकर अपनी राजनीतिक गतिविधियां जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि इनेलो में शामिल होने की चर्चाओं में कोई सच्चाई नहीं है और इस तरह की बातों से उनकी राजनीतिक प्रतिबद्धता पर कोई असर नहीं पड़ेगा। भूपिंद्र लाठर ने कहा कि वह कांग्रेस की विचारधारा के साथ राजनीति में आगे बढ़े हैं। कांग्रेस के प्रति उनका जुड़ाव पुराना है और उन्होंने हमेशा पार्टी की नीतियों तथा सिद्धांतों में विश्वास रखा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोकतांत्रिक मूल्यों, जनहित और आम लोगों की आवाज को मजबूती से उठाने का काम किया है। वह पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हैं और भविष्य में भी कांग्रेस में रहकर जनता के बीच काम करते रहेंगे।

आर्यन की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

करनाल। सेक्टर-14 की मुख्य मार्केट में पुरानी रंजिश के चलते युवक आर्यन की हत्या के मामले में करनाल पुलिस की सीआईए-1 टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सक्षम उर्फ कृष पुत्र बलविंद्र सिंह निवासी कलंदरी गेट, करनाल और वैभव पुत्र राजेश कुमार मलिक निवासी गली नंबर-2, विकास नगर, करनाल के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक करन गोयल, आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए-1 के प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक मदन सिंह की टीम ने दोनों आरोपियों को उधम सिंह चौक से काबू किया। पुलिस के अनुसार, 12 अक्टूबर 2026 को सेक्टर-14 की मुख्य मार्केट में स्थित कार खरीद-बिक्री कार्यालय के ऊपर बने कमरे में आर्यन अपने दोस्तों के साथ मौजूद था। इसी दौरान वहां पहुंचे युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते उस पर चाकू और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

कचरा मुक्त बनेगा तरावड़ी, लोगों को घर-घर जाकर किया जा रहा जागरूक

- सचिव बोले : स्वच्छ शहर बनाने के लिए जनसहयोग जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। सुगम स्वच्छता की टीम और नगर पालिका की स्वच्छता टीम स्कूलों मे बच्चों को जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

शहर को स्वच्छ, सुंदर और कचरा मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका तरावड़ी द्वारा फोर बिन कैंपेन के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका सचिव के आदेशानुसार सुगम स्वच्छता की टीम और नगर पालिका की स्वच्छता टीम स्कूलों तथा विभिन्न वार्डों में घर-घर जाकर लोगों को चार बिन के उपयोग के प्रति जागरूक कर रही हैं। अभियान के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सचिव ने कहा कि शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग आवश्यक है। इसके लिए हर घर में चार अलग-अलग डस्टबिन का प्रयोग करना चाहिए, ताकि घरों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में रखा जा सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गीले और सूखे कचरे सहित अन्य प्रकार के कचरे को निर्धारित डस्टबिन में ही डालें और नगर पालिका की कचरा संग्रहण गाड़ी आने पर कचरे को अलग-अलग करके सौंपें। अभियान के दौरान सुगम स्वच्छता की टीम स्कूली बच्चों को भी जागरूक कर रही है। बच्चों को समझाया जा रहा है कि स्वच्छता की शुरुआत अपने घर से होती है और वे अपने परिवार के सदस्यों को भी चार बिन के इस्तेमाल के लिए प्रेरित करें। बच्चों में स्वच्छता की आदत विकसित होने से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। अभियान का उद्देश्य कचरे का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करना, गंदगी को फैलने से रोकना तथा शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करवाना है।

खबर संक्षेप

वीबीजीरामजी योजना का लाभ लें

पानीपत। हरियाणा सरकार की वीबी-जी-राम-जी योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण श्रमिकों को घर के नजदीक रोजगार मिलने से उनकी आजीविका को सहारा मिल रहा है और वे अपनी मेहनत से परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने में योगदान दे रहे हैं।

शिविर में प्रशासन ने जनसुनवाई की

पानीपत। बापौली खंड में आयोजित सेवा सेतु शिविर में 97 लोगों ने विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई के लिए संज्ञान लिया। वहीं, उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने कहा कि सेवा सेतु शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान करना सरकार की प्राथमिकता है।

स्टोरी टेलिंग में मानवी प्रथम

पानीपत। आईबी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की ओर से एमए अंग्रेजी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 'ऑन-द-स्पॉट स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वहीं, प्रतियोगिता में मानवी ने प्रथम, मदीना व आंचल ने संयुक्त रूप से द्वितीय, चाहत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम, प्राध्यापक राहुल ने पुरस्कृत किया।

भारत को मिला कलाम अवार्ड

पानीपत। ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट भारत गखड़ को आज नई दिल्ली के लोदी रोड स्थित इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर के ऑडिटोरियम में डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम के आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को समर्पित है।

रामलीला का मंचन किया

पानीपत। पूर्व महापौर सुरेश वर्मा ने वार्ड आठ की डाबर कॉलोनी में श्री राम कला संगम की रामलीला में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर विनोद उर्फ बब्बल, प्रमोद हवाई, सरवन, राजेंद्र, विक्की, रोहित, बिल्लू, मोनू तोमर, मदनलाल मास्टर, राजवीर, देवी सिंह, बलवान , नरेश गुर्जर सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

श्री राम वनवास का मंचन

पानीपत। श्री राम नाटक क्लब द्वारा आयोजित श्री रामलीला में भगवान राम के वनवास का मंचन हुआ। इस अवसर पर श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस आनंद, चेयरमैन भूषण मदान, महिला प्रधान पायल वधवा, युवा प्रधान बंटी, महासचिव गौरव छोकरा, श्री राम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा, सुभाष बठला, राकेश आनंद आदि उपस्थित रहे।

बार बार धधक रही है आग

पानीपत। पानीपत के गांव रिसालू के रकबे में स्थित राजा एक्सपोर्ट हाउस में लगी आग को दमकल विंग ने काबू कर लिया है। एक्सपोर्ट हाउस में फैली आग को फायर ब्रिगेड के छह टेंडर्स के प्रयोग से आग बुझाई गई। वहीं, आग लगने व हुए नुकसान की जांच दमकल विभाग के लीडिंग फायर मैन अमित गोस्वामी कर रहे है। उन्होंने बताया कि बुधवार की अलसुबह आग पर काबू पा लिया गया है लेकिन अभी भी आग की लपटें कहीं कहीं से उठ रही हैं।

मंडियों में धान की आवक तेज

पानीपत। उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में 13 अक्टूबर तक कुल 125910 मीट्रिक टन धान की आवक हुई इसमें से 7874 मीट्रिक टन धान पीआर तथा 1509 किस्म की 118036.0 मीट्रिक टन धान, सरबती शून्य मीट्रिक टन, बासमति/1121 धान शून्य मीट्रिक टन व मुच्छल शून्य मीट्रिक टन धान की आवक हुई है।

आर्य कॉलेज में करनाल जोन के 49वें युवा महोत्सव का शानदार आगाज

सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें विद्यार्थी : प्रो.सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के वीसी प्रो .सोमनाथ सचदेवा को स्मृति चिंह भेंट करते हुए।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत में आयोजित करनाल जोन के 49वें युवा महोत्सव के पहले दिन का शानदार आगाज हुआ। वहीं, युवा महोत्सव के उद्घाटन सत्र पर मुख्य अतिथि कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.सोमनाथ सचदेवा व वशिष्ठ अतिथि के रूप में इसी विश्वविद्यालय के युवा एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक डॉ. विवेक चावला, द पानीपत अर्बन कोपरेटीव बैंक के संस्थापक व निदेशक ओपी शर्मा का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर आर्य कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र शिंगला, महासचिव सीए कमल किशोर, उप प्रधान विरेंद्र शिंगला, कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य, कॉलेज के प्राचार्य प्रो.डॉ. जगदीश गुप्ता व उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने पुष्पगुच्छ, शॉल व स्मृति चिन्ह देकर भव्य स्वागत कर अभिनंदन किया। वहीं, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अपने संबोधन में आर्य पीजी कॉलेज की जमकर सराहना की। उन्होंने युवा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए कॉलेज प्रबंधन की उत्कृष्ट कार्यशैली, सुव्यवस्थित प्रबंधों और बेहतरीन व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। उन्होंने प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता के कुशल नेतृत्व, समर्पण और दूरदर्शी सोच की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में कॉलेज विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बेहतर मंच प्रदान कर रहा है। कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के सबसे प्रतिष्ठित महाविद्यालयों में आर्य कॉलेज का नाम हर क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहता है। उन्होंने सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों के जोश को देखते हुए कहा कि हमारे युवा ही हमारे ब्रैंड अंबेस्डर हैं। वहीं, युवाओं में साकारात्मक उर्जा का होना सबसे जरूरी है। सकारात्मक सोच के साथ विद्यार्थी आगे बढें।

उन्होंने विद्यार्थियों में उत्साह वर्धन करते हुए महान लोगों के जीवन का सार बताया की कैसे युवा सही दिशा व दृढ संकल्प से बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। युवा महोत्सव के शुभारंभ पर कॉलेज प्राचार्य प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने बताया कि करनाल जोन के युवा महोत्सव में आर्य पीजी कॉलेज गत 20 वर्षों से प्रथम स्थान, इंटर जोनल युवा महोत्सव में पिछले 14 वर्षों से प्रथम स्थान हासिल कर रहा है। और गत कई वर्षों से ऑल इण्डिया इंटर यूनिर्वसिटी यूथ फेस्टीवल में आर्य कॉलेज ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए लगातार वर्ष 2024 और 2025 में दो वर्षों से कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय को ओवर ऑल चैंपियन बनाकर अपनी अमिट छाप बनाई है। साउथ एशियन इंटर यूनिर्वसिटी यूथ फेस्टीवल में भी आर्य कॉलेज के विद्यार्थी शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनावा रहे हैं।

ये रहे मौजूद

इधर, सायं कालीन सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर नगर निगम पानीपत की मेयर कोमल सैनी, पानीपत के प्रसिद्ध उद्योगपति व सामाजिक कार्यकर्ता बीरभान शिंगला व कश्मीरी शिंगला ने शिरकत की। दूसरी ओर, युवा महोत्सव में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से आए, डॉ. रमेश लाल ढांडा, प्रो.डॉ. सुनील गुप्ता, डॉ. ऋषिपाल ने ज्यूरी मेंबर के रूप में शिरकत की, वहीं डॉ.अशोक चौधरी युवा महोत्सव में ऑब्जर्वर की भूमिका में मौजूद रहे। कार्यक्रम में आर्य कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. एपी जैन, सुरेश गंधर्व, एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोडा, आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल की प्राचार्या मीनाक्षी अरोडा, उपाचार्या अनुभा गुप्ता आदि शिक्षाविद् उपस्थित रहे।



पानीपत। इंद्रप्रस्थ मेडिकल संस्थान में रोगी से मिलते हुए उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ।

डीसी हरीश ने इंद्रप्रस्थ मेडिकल कॉलेज जांचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं तथा संस्थान की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने बुधवार को इंद्रप्रस्थ मेडिकल संस्थान का निरीक्षण किया। वहीं, निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थान में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, ओपीडी सेवाओं, मरीजों के उपचार, साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता, ब्वॉयज और गर्ल्स हॉस्टल,सभागार,लाइब्रेरी,ऑपरेशन थियेटर तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं चिकित्सकों से स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की। डीसी डॉ. हरीश ने निर्देश दिए कि संस्थान में आने वाले मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा उनके साथ संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण के साथ व्यवहार किया जाए। उन्होंने संस्थान परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर उनके साथ एसडीएम मनदीप कुमार, सिविल सर्जन डॉ. विजय मलिक, अग्निशमन अधिकारी गुरमेल सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ मनीष पासी, संस्थान के ग्रुप चेयरमैन एएस राणा, सीईओ नीलिमा राणा आदि उपस्थित रहे।

नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया

पानीपत। पानीपत पुलिस की टीम ने नशा मुक्त अभियान के दौरान नगर निगम के वार्ड नौ, 10, 11 के निवासियों को नशा करने के दुष्परिणाम बारे विस्तृत जानकारी देकर जीवन में कभी भी नशा नहीं करने बारे शपथ दिलवाई गई। वहीं नागरिकों को साइबर क्राइम व डोंकी से विदेश जाने के विरुद्ध और यातायात नियमों की पालना करने के प्रति जागरूक किया।

रामलीला के मंचों पर अमर्यादित प्रस्तुतियां न की जाएं : डॉ. नैन

- अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद ने रामलीला समितियों से धार्मिक मर्यादा बनाए रखने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) डॉ. नवीन नैन भालसी अपने साथियों के साथ प्रेस वार्ता करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) डॉ. नवीन नैन भालसी ने धार्मिक आयोजनों एवं रामलीला के पवित्र मंचों पर अश्लीलता और अमर्यादित प्रस्तुतियों के बढ़ते प्रचलन को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। वहीं, डॉ. नैन ने कहा कि हाल ही में हरियाणा के झज्जर स्थित श्री विकास रामलीला क्लब के मंच से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें दिखाई गई नृत्य प्रस्तुति को लेकर धार्मिक मंचों की मर्यादा का महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है। परिषद का उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष, कलाकार अथवा संस्था को निशाना बनाना नहीं, बल्कि ऐसे उदाहरणों के माध्यम से पूरे देश में धार्मिक आयोजनों की पवित्रता एवं सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना है। डॉ. नैन ने कहा कि रामलीला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति, श्री सनातन धर्म, वेद-पुराणों की शिक्षाओं और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का पवित्र मंच है। रामलीला के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों को सत्य, धर्म, त्याग, सेवा, माता-पिता का सम्मान, नारी सम्मान और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है।

नशीले इंजेक्शन की तस्करी के दोषी को 20 साल की कैद, दो लाख रुपये जुर्माना

पानीपत। एडिशनल सेशन जज, एनडीपीएस एक्ट, फास्ट्रेक कोर्ट योगेश चौधरी की अदालत ने नशीले इंजेक्शन की तस्करी के आरोपी अरविंद पुत्र रामनारायण वासी मोहल्ला शाहलाल थाना भवन जिला शामली को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा दी है।जज चौधरी की अदालत ने दोषी पर दो लाख रुपए का जुर्माना भी किया है। स्मरणीय है कि पानीपत पुलिस ने आरोपी अरविंद को पांच अगस्त अगस्त सन् 2016 को 2000 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया था । वहीं अरविंद के खिलाफ थाना चांदनी बाग में एनडीपीएस एक्ट के तहत किस दर्ज किया गया था।

महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। वैश्विक चिंतक डॉ. एंथनी मोन्टियरो का अभिनंदन करते हुए कानूनविद् राम मोहन राय, आदि। फोटो : हरिभूमि

प्रसिद्ध अफ्रीकी-अमेरिकी गांधीवादी विद्वान, वैश्विक चिंतक एवं शांति कार्यकर्ता डॉ. एंथनी मोन्टियरो की 15 दिवसीय भारत यात्रा के दौरान पानीपत के ऐतिहासिक खादी आश्रम स्थित सोम भाई सभागार में भव्य स्वागत सभा एवं विचार गोष्ठी हुई। वहीं, डॉ. मोन्टियरो एवं उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया गया। वहीं, गांधी ग्लोबल फैमिली के महासचिव राम मोहन राय ने डॉ. एंथनी मोन्टियरो की भारत यात्रा, गांधी-मार्टिन लूथर किंग एवं डू बोइस के विचारों की प्रासंगिकता के संदर्भ में चर्चा करते हुए डॉ. एंथनी मोन्टियरो और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल का परिचय कराया। प्रतिनिधिमंडल में आर्चिश्मान राजू, नंदिता चतुर्वेदी, सम्बर्त चटर्जी, पूर्वा चटर्जी, मेघना चंद्र जहां, एलिस ली और कैथी जियांग सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। सबसे पहले डॉ. एंथनी मोन्टियरो और उनके साथ आए प्रतिनिधि ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। पानीपत नागरिक मंच की अध्यक्ष निर्मल दत्त ने अथिति स्वागत संबोधन किया। इधर, अपने सारगर्भित संबोधन में डॉ. एंथनी मोन्टियरो ने महात्मा गांधी, डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर और डॉ. डब्ल्यू. ईबी डू बोइस के विचारों तथा उनके संघर्षों की प्रासंगिकता की विस्तार से चर्चा की।

राजकीय स्कूल में विद्यार्थियों की ओरल हेल्थ जांची



पानीपत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रसेवा में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत नवरात्रों के पावन अवसर पर आदर्श एक विश्वास संस्था और शिव बाबा की रसोई की ओर से कच्चा कैंप स्थित सरकारी स्कूल में 94वें डेंटल कैंप आयोजित हुआ। वहीं, डेंटल कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने बच्चों से जंक फूड का त्याग करने की अपील की। वहीं कैंप बच्चों के दांतों की जांच, मुफ्त टूथब्रश एवं टूथपेस्ट वितरण तथा मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर राहुल विरमानी ,सुरेंद्र फुटेला,कमल तिवारी अशोक गर्ग , प्रवीण चावला ,सुमित बठला ,गुलशन वधवा, चेतन तनेजा वीरेंद्र तनेजा, हिमांशु विरमानी सोनिया गाबा मौजूद रहे।

आईबी कॉलेज के विद्यार्थियों ने औद्योगिक भ्रमण किया



पानीपत। आईबी कॉलेज के विद्यार्थी, औद्योगिक भ्रमण के लिए रवाना होते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज द्वारा मेधा (एनजीओ) के सहयोग एवं तत्वावधान में एआईसी आईआईटी दिल्ली इन्क्यूबेशन सेंटर, सोनीपत के औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत कॉलेज के 55 विद्यार्थियों को उद्योग जगत, नवाचार, उद्यमिता और स्टार्टअप की कार्यप्रणाली से परिचित कराने के उद्देश्य से रवाना किया गया। वहीं, प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह ने विद्यार्थियों को हरी झंडी दिखाकर औद्योगिक भ्रमण के लिए रवाना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी अत्यंत आवश्यक है। जबकिकॉलेज की प्लेसमेंट सेल की कन्वीनर डॉ. अर्पणा गर्ग ने इस पहल को विद्यार्थियों के करियर विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

पुलिस कप्तान ने मॉडल टाउन दशहरा मेला स्थल को जांचा



पानीपत। श्री सनातन धर्म मंदिर सभा, मॉडल टाउन, पानीपत द्वारा बीस अक्टूबर को शिवाजी स्टेडियम में आयोजित किए जाने वाले दशहरा महोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। महोत्सव के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए पानीपत की पुलिस अधीक्षक मेघा भूषण ने शिवाजी स्टेडियम पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान यातायात उप पुलिस अधीक्षक सुरेश सैनी भी उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने आयोजन स्थल पर सुरक्षा प्रबंधों, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था तथा आमजन की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया। उन्होंने दशहरा महोत्सव के दौरान शहरवासियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। वहीं, श्री सनातन धर्म मंदिर सभा के प्रधान व वार्ड बीस से पार्षद तरुण गांधी भी मौजूद रहे।

न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत

श्री सुरेन्द्र पाल चावला सुपुत्र श्री जगदीश चन्द्र चावला निवासी मकान नम्बर 15, माडल टाउन, शान्ति नगर तहसील व जिला पानीपत।

बनाम जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री सुरेन्द्र पाल चावला सुपुत्र श्री जगदीश चन्द्र चावला निवासी मकान नम्बर 15, माडल टाउन, शान्ति नगर तहसील व जिला पानीपत ने एक दस्तावेज को इंतकाल/विक्रय पत्र/ट्रांस्फर पत्र पंजीकृत हेतू इस कार्यालय मे पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है। यह कि प्रार्थी के पिता श्री जगदीश चन्द्र चावला सुपुत्र श्री हवेली राम की मृत्यु दिनांक 09.10.2010 को हो चुकी है। यह कि प्रार्थी की दादी श्रीमति रवैल कौर धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री हवेली राम की काफी अरसे पहले मृत्यु हो चुकी है। यह कि प्रार्थी के पिता श्री जगदीश चन्द्र चावला सुपुत्र श्री हवेली राम की मृत्यु उपरान्त निम्न जायज वारिस है :-

1. राजकरनी धर्मपत्नी व 2. सुरेन्द्र पाल चावला 3. श्री राकेश पाल चावला 4. नीरज कुमार सुपुत्रगण व 5 . सुनीता बजाज 6. पूजा गुलाटी सुपुत्रीयान स्वर्गीय श्री जगदीश चन्द्र चावला हैं। उपरोक्त वारसान के अलावा अन्य कोई वारिस ना है। जिसके सम्बध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बतार्य गये वारिसों के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 06.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार-कम सब रजिस्ट्रार, पानीपत

कृषि मंत्री ने अनाज मंडियों में धान खरीद का जायजा लिया

मंडियों के पुराने शैड बदले जाएंगे: राणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट मंडी में धान खरीद का जायजा लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने बुधवार को पानीपत जिला की विभिन्न मंडियों का दौरा कर धान खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मंडी में किसानों के लिए किए गए प्रबंधों, धान खरीद सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को मंडी में किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा खरीद प्रक्रिया सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से संचालित रहे। वहीं, मंत्री राणा ने कहा कि किसानों को अपनी धान की फसल बेचने में कोई दिक्कत न आए ये इस ओर विशेष तौर पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में पेयजल, साफ-सफाई, फसल खरीद, खरीदी गई फसल का समय पर उठान तथा भुगतान से संबंधित व्यवस्थाएं बेहतर रखी जाएं। उन्होंने कहा कि खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं, कृषि मंत्री ने मंडियों में किसानों एवं आढ़तियों से बातचीत भी की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि मंडियों में पानी और सीवरेज की व्यवस्था का प्रावधान करने के लिए प्रक्रिया शुरू करें। इसके साथ-साथ जो शैड पुराने हो चुके हैं उन्हें तोड़कर नए शेड बनवाने की प्रक्रिया भी शुरू करें।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, धर्मपाल जागलान आदि भाजपा नेता व कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

क्विज में स्नेहा रही प्रथम



पानीपत। देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा ट्रैफिक क्विज के द्वितीय चरण में इसी कॉलेज की बीएससी प्रथम वर्ष (लाइफ साइंस) की छात्रा स्नेहा ने प्रथम, आर्य पीजी कॉलेज की छात्रा नेहा ने द्वितीय, एसडी पीजी कॉलेज के बीएससी द्वितीय वर्ष (फिजिकल साइंस) के छात्र आदर्श ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, क्विज का आयोजन डॉ. नरसिंह जांगड़ा, प्रो डॉ. मीनाक्षी की देखरेख में आयोजित हुआ।

रेपिस्ट को 10 साल की कैद, 50 हजार जुर्माना

पानीपत। एडिशनल सेशन जज फास्ट ट्रैक कोर्ट पाक्सो एक्ट पीयूष शर्मा की अदालत में किशोरी को विवाह का झांसा देकर बहला फुसला करअपने साथ ले जाने, उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी विपिन निवासी गांव रणखंडी जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश को दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा दी है । वही जज शर्मा की अदालत में दोषी विपिन पर 50 हजाज का जुर्माना भी किया है। स्मरणीय है कि थाना चांदनी बाग पुलिस ने विपन पर केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी विपिन को गिरफ्तार कर लिया था जबकि अदालत ने उसे न्याय के हिरासत में जेल भेज दिया था।

खबर संक्षेप



जिला स्तर पर प्राथमिक शिक्षक करेंगे प्रदर्शन

अंबाला। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला ला कार्यकारिणी की बैठक जिला प्रधान मदनलाल की अध्यक्षता में अंबाला छावनी की इंदिरा पार्क में हुई इसमें यूनियन ने निर्णय लिया कि टीईटी अनिवार्यता हटाने, पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने व गैर शैक्षणिक कार्यों से अध्यापकों को मुक्त कराने हेतू जिला स्तर पर बड़ा विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। जिला महासचिव प्रकाश गिल ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा शिक्षकों को लामबंद करने के लिए यूनियन हर शिक्षक तक पहुंचेगी ।बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने संगठन के निर्णय पर सहमति जताई और विरोध प्रदर्शन में बढ़चढ़ कर भाग लेने का भरोसा दिलाया।

मकान से चोरी के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। सीआईए टू को एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। जांच टीम ने थाना पड़ाव क्षेत्र के लाल कुर्ती बाजार स्थित एक मकान से लगभग 18 लाख 63 हजार रुपये की भारी नकदी चोरी करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता एवं रेल नीर के मैनेजर सुरेंद्र कौशल ने 3 अक्तूबर 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार चोरों ने लाल कुर्ती बाजार स्थित मकान से 'रेल नीर' की बिक्री से एकत्र की गई लगभग 18,63,000/- रुपये की नकदी चोरी कर ली थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

बाइक चोरी में आरोपी किया गिरफ्तार

अंबाला। गांव दादूपुर से बाइक चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक अंग्रेज सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता बलजिंद्र कुमार ने 11 अक्तूबर 2026 को शिकायत दी थी कि 10 अक्तूबर 2026 को आरोपी अमन व अन्य ने गांव दादूपुर से उसकी बाइक चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों को काबू किया है।

लूट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना बलदेव नगर पुलिस ने महिला का पर्स लूटने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक जसबीर सिंह ने बताया कि पीड़ति महिला ने 5 सितंबर 2026 को थाना बलदेव नगर में शिकायत दी थी कि 5 सितंबर 2026 को आरोपी प्रेम नगर अंबाला शहर के पास से उसका पर्स लूट कर भाग गए है जिसमें नकद राशि व मोबाइल था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने थाना बलदेव नगर में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

विज ने जाटव धर्मशाला में लगे चिकित्सा शिविर में हिस्सेदारी कर मरीजों को मिल रही सुविधाओं का किया अवलोकन।

पीएम मोदी लगातार 25 सालों से कर रहे हैं जनसेवा

हरिभूमि न्यूज.अंबाला

सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा द्वारा बुधवार को अंबाला छावनी के 12 क्रास रोड़ स्थित जाटव धर्मशाला में निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-मालाएं पहनाकर तथा पीएमओ डॉ. पूजा पेंटल ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर यहां पर लगाए गए चिकित्सा संबधी स्टालों का अवलोकन करते हुए उपस्थित चिकित्सकों से यहां पर लोगों को जो चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है उसकी भी जानकारी हासिल की। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन भी किया। विज ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में पूरे माह जनसेवा कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मेडिकल कैंप का आयोजन करना, रक्तदान शिविर लगाना व अन्य शामिल हैं। उन्होने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हर आगंनवाड़ी, हर स्कूल तक कार्यकर्ता पहुंचे हैं और लोगों को इन कार्यक्रमों के माध्यम से अवगत करवाकर उन्हें सरकार द्वारा जो सुविधाएं दी जा रही है उसका भी लाभ उपलब्ध करवाने में कार्य कर रहे हैं। मंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि अंबाला छावनी के तहत चार मंडल हैं जिसमें तीन मंडलों में मेडिकल शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। 17 अक्तूबर को रंगिया मंडी में मेडिकल शिविर का आयोजन किया जाएगा। मकसद यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 साल लगातार गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर अब प्रधानमंत्री बनने तक राष्ट्र सेवा के रूप में वह देश के लिए कार्य कर रहे हैं। आगे भी लक्ष्य बहुत बड़ा है। वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाना है। वह चाहते हैं कि हम सब यानि हर आदमी सेवा के कामों मे लगे।



अंबाला। स्टालों का अवलोकन करते मंत्री अनिल विज।

शिविर में हुआ 450 रक्त यूनिट एकत्रित

शिविरों में लोग भारी संख्या में पहुंचकर इसका लाभ भी उठा रहे हैं। चारों मंडलों के तहत लगे रक्तदान शिविर में लगभग 450 रक्त यूनिट एकत्रित करने का काम किया गया है। बड़ी संख्या में लोग यहां पर आ रहे हैं उन्हें दवाइयां भी दी जा रही हैं। यहां पर एक्स-रे, ईसीजी, ब्लड टेस्ट के साथ-साथ आयुष्मान यूनिट भी यहां पर कार्यरत है जोकि लोगों के आयुष्मान के साथ-साथ चिरायु कार्ड बनाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन चिकित्सा शिविरों में यदि कोई क्रिटिकल केस आता है तो उसकी जांच करने के उपरांत उसे रेफर भी किया जा रहा है। मकसद लोग निरोग रहें। इस दौरान पत्रकारों द्वारा राहुल गांधी से संबंधित प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अपनी जन्म कुंडली जाननी चाहिए। यह ऐसे महापुरूष हैं जब से कांग्रेस पार्टी के साथ लगे हैं 99 चुनाव हार चुके हैं। आगे भी इसके लिए एक से एक प्रदेश कांग्रेस है जिसको यह लीड करेंगे वह हारेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रवि बुद्धिराजा, मंडल अध्यक्ष हर्ष बिंद्रा, मंडल अध्यक्ष परवेश शर्मा, उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, संजीव सोनी, आशीष, सुभाष शर्मा, शिवा काकरान, महेश अग्रवाल, शशि लोंगिया, प्रधान मोनिका विग, विजय सहगल, राजीव डिंपल, विजेंद्र चौहान, रेणु चौहान, बलकेश वत्स, अनिल बहल, अनूप चोपड़ा, विजय धीमान, अनिल धीर, आशीष सभ्रवाल, फकीरचंद सैनी, पारस मणी, मनोज बैनीवाल, करण के साथ गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बदले मौसम से किसानों की धड़कनें बढ़ीं

पहले हुई बरसात से धान में नमी 35 प्वाइंट पार, खरीद न होने से संकट बढ़ा

अगले दो दिन तक बरसात व ओलावृष्टि होने का अलर्ट, अनाजमंडियों में उठान की प्रक्रिया सुस्त होने से खुले आसमान के नीचे पड़ा किसानों का धान, नमी कम करने के लिए सड़कों पर सूखानी पड़ रही है फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

बदलते मौसम ने किसानों की धड़कन बढ़ा दी है। इससे पहले रविवार को हुई बरसात की वजह से किसान पहले ही परेशान हैं। बरसात की वजह से खेतों और मंडियों में खुले आसमान के नीचे पड़ा धान भीगने से अब किसानों को इसे सूखाने में खूब कसरत करनी पड़ रही है।बरसाती पानी से धान गीला होने से इनमें नमी की मात्रा 35 प्वाइंट तक पहुंच गई है। ज्यादातर मंडियों में किसानों को अंदर और बाहर सड़कों पर धान सूखाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हालांकि मौसम की बाधाओं के बावजूद, जिले की अनाज मंडियों में धान की आवक लगातार जारी है। मंडियों में कुल धान की आवक 2.60 लाख मीट्रिक टन तक पार चुकी है। इसमें से अभी तक कुल 1.90 लाख मीट्रिक टन धान की सरकारी व निजी खरीद की जा चुकी है। हालांकि अधिक नमी और खरीद के बाद मंडियों से समय पर उठान न होने के कारण समस्याएं बनी हुई हैं। मंडियों से अब तक एक लाख मीट्रिक टन धान का उठान होने की बात कही जा रही है। किसानों का कहना है कि यदि धान की जल्द खरीद न हुई तो उसकी गुणवत्ता खराब हो सकती है।



नमी से खरीद प्रक्रिया हुई प्रभावित

ज्यादातर किसानों ने बताया कि रविवार को हुई बरसात की वजह से मंडियों व खेतों में खड़ी धान की फसल भीग गई थी। इसी वजह से फसल में नमी की मात्रा बढ़ गई। हालांकि किसानों ने तिरपाल से अपनी फसल बचाने का प्रयास किया। इसके बावजूद धान में नमी की मात्रा काफी बढ़ गई है। किसानों ने कहा कि यह नमी खरीद प्रक्रिया में बाधा डाल रही है। किसानों को अपनी मेहनत की फसल खराब होने का डर सता रहा है।

नमी की दिक्कत हो दूर

किसानों ने ने कहा कि जिले की मंडियों में अभी तक धान के उठान की प्रक्रिया बेहद धीमी है। अभी तक उतना धान नहीं उठ पाया जितना उठना चाहिए। किसान धर्मपाल ने कहा कि नमी के नाम पर हो रही परेशानी का जल्द समाधान किया जाए, ताकि उन्हें अपना धान बेचने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि नमी की वजह से धान की बिक्री नहीं हो पा रही है। किसान रोहताश ने बताया कि वह शुक्रवार को अपना धान मंडी में लेकर आए थे। इसके बाद शनिवार को धान सुखाया था लेकिन रविवार को हुई बारिश में उनका धान भीग गया और जो धान बचा है उसमें नमी ज्यादा है, अब दोबारा से वह धान को सुखाने को मजबूर हैं। बरसात में कई किसानों का धान भीगने से नमी ज्यादा आ गई थी। इसके अलावा किसानों ने अगले दिन धूप में धान सुखाना पड़ा है।

मौसम विभाग के अलर्ट से बढ़ी मुसीबत

मौसम विभाग के नए अलर्ट से किसानों को फिर परेशानी हो गई है। विभाग के अनुसार मौसम बार फिर करवट लेने वाला है 15 अक्तूबर को प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश, गरज-चमक और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर और कुरुक्षेत्र में ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया गया है। अन्य जिलों में भी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार 16 अक्तूबर तक असर रह सकता है, जबकि 17 अक्तूबर से मौसम सुधरने की संभावना है। मौसम विभाग के अधिकारियों की मानें तो अंबाला, यमुनानगर, पंचकूला और कुरुक्षेत्र में 14 और 15 अक्तूबर को मौसम ऐसा ही बना रहेगा। इस दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। गरज-चमक के साथ ओले गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है। मौसम के इस बदलाव से खुले में रखी फसल और कृषि उपज को नुकसान पहुंच सकता है। किसानों को मौसम विभाग ने चेतावनी देते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।मौसम में संभावित बदलाव को देखते हुए किसानों को खेतों और मंडियों में रखी फसल की सुरक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। कृषि अधिकारियों ने भी किसानों को कटाई के बाद खेतों में रखी उपज को सुरक्षित स्थान पर रखने की बात कही है। साथ ही तेज हवाओं और ओलावृष्टि से खड़ी फसलों को भी नुकसान होने की बात कही जा रही है।



सुबह-शाम बच्चे पहने गर्म कपड़े, ताजा खाना ही खाएं

गुलाबी ठंड में लापरवाही सेहत पर पड़ सकती है भारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

गर्मी और बारिश के बाद जब हल्की गुलाबी ठंड दस्तक देती है। सेहत को लेकर लापरवाही भारी पड़ सकती है। दिन में धूप और रात में ठंडक की वजह से तापमान तेजी से बदलता है। हवा में नमी घटने के कारण वायरस और बैक्टीरिया ज्यादा तेजी से फैलते हैं जिससे मौसमी बीमारियां घेर लेती है। इस पर डॉक्टर दुष्यंत कुमार ने जानकारी सांझा की है।

बुखार व सर्दी-जुकाम का रहता है डर

बदलते मौसम में शरीर की लड़ने की ताकत थोड़ी कमजोर पड़ जाती है। इसी वजह से फ्लू वायरस का हमला आसान हो जाता है। तेज बुखार, बदन टूटना, सिरदर्द, गले में खराश और सुस्ती इसके आम लक्षण है। बच्चों और घर के बुजुर्गों को जुकाम, छींकें और खांसी की शिकायत ज्यादा होने लगती है।इस समय हवा में धूल-मिट्टी और परागकण बढ़ जाते है। जिन लोगों को दमा या सांस की पुरानी बीमारी है उन्हें सांस फूलने, घबराहट और छाती में भारीपन की शिकायत हो सकती है। ऐसे लोगों को खास ख्याल रखना चाहिए।

रूखी त्वचा व जोड़ों का दर्द

हवा शुष्क होने से त्वचा फटने और बेजान होने लगती है। साथ ही खुजली या चमड़ी के पुराने रोग उभर सकते है। पारा गिरने पर गठिया और जोड़ों के पुराने दर्द से परेशान लोगों की तकलीफ भी बढ़ जाती है। सुबह और शाम हल्की ठंड से बचने के लिए हल्के गर्म कपड़े पहनें। खाना हमेशा ताजा, हल्का और आसानी से पचने वाला ही खाएं। ठंडा पानी छोड़ें और गुनगुना पानी पीने की आदत डालें। शरीर की ताकत के लिए आंवला, नींबू-संतरा, मौसमी सब्जियां और तुलसी-हल्दी का सेवन करे। बाहर से घर लौटते ही साबुन से हाथ धोएं और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनें। किसी भी बीमारी में बिना सोचे समझे मेडिकल स्टोर से दवा या एंटीबायोटिक लेकर न खाएं। अगर बुखार तीन दिन से न उतरे, सांस लेने में भारी तकलीफ हो, सीने में दर्द उठे, बहुत ज्यादा कमजोरी लगे या बलगम में खून दिखे, तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। स्कूल अध्यापक रामफल शास्त्री ने बताया कि मौसम में बदलाव के साथ ही तापमान में उतार चढ़ाव बढ़ रहा है जिससे बच्चों में सर्दी, जुकाम और मौसमी बीमारियों का खतरा बना रहता है। इसलिए सभी विद्यार्थी सुबह शाम हल्के गर्म कपड़े जरूर पहनें।

विद्यार्थियों को एचआईवी संक्रमण के कारणों और बचाव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में रेड रिबन सेल एवं यूथ रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में एड्स से बचाव और उत्तम स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एचआईवी संक्रमण के कारणों, बचाव के उपायों और बीमारी से जुड़े सामाजिक भ्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता विजय कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एड्स के प्रति जागरूकता और सही जानकारी ही इसके बचाव का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सुरक्षित व्यवहार अपनाने, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने और नियमित व्यायाम को जीवनशैली का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, बल्कि सकारात्मक सोच विकसित करने में भी सहायक होती है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने कहा कि युवाओं को एड्स के बारे में वैज्ञानिक तथ्यों की जानकारी होना बेहद जरूरी है। समाज में इस बीमारी को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना और संक्रमित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार अपनाना समय की आवश्यकता है।



बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

रामलीला मंच पर पंचवटी प्रसंग का मंचन

- लक्ष्मण और सूर्पणखा के बीच तीखी बहस ने प्रसंग ने बांधा समा, रामलीला देखने उमड़े दर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

श्रीरामा ड्रामेटिक क्लब की ओर से आयोजित रामलीला मंचन के दौरान पंचवटी प्रसंग का शानदार मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास के दौरान घटित प्रसंग को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। मंच पर सूर्पणखा और लक्ष्मण के बीच हुई तीखी बहस तथा लक्ष्मण द्वारा सूर्पणखा की नाक काटने के दृश्य ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। रामलीला के दौरान पंचवटी में भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के निवास का दृश्य प्रस्तुत किया गया। इसी दौरान सूर्पणखा की भूमिका निभा रहे कलाकार ने अपने प्रभावशाली अभिनय से दृश्य को आगे बढ़ाया। सूर्पणखा और लक्ष्मण के बीच संवादों के दौरान तीखी नोकझोंक देखने को मिली। दोनों कलाकारों ने अपने संवाद और अभिनय से ऐसा समां बांधा कि दर्शक पूरे समय मंचन से जुड़े रहे। प्रसंग के अनुसार, सूर्पणखा के व्यवहार और उसके साथ हुए संवाद के बाद लक्ष्मण ने उसकी नाक काट दी। इस दृश्य को कलाकारों ने नाटकीय अंदाज में प्रस्तुत किया, जिसे देखकर दर्शकों ने रामलीला के मंचन का आनंद लिया।



मुलाना। रामलीला में मंचन करते कलाकार

बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे

श्री रामा ड्रामेटिक क्लब के प्रधान अनिल सैनी ने बताया कि रामलीला में सभी पात्रों की भूमिका युवाओं द्वारा निभाई जाती है। क्लब का उद्देश्य युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और उसे मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि रामलीला केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं बल्कि युवाओं को अभिनय, संवाद अदायगी और मंच संचालन का अनुभव देने का भी एक सशक्त माध्यम है। इसके जरिए युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपनी कला को बेहतर तरीके से प्रस्तुत करना सीखते हैं।

चोरी के मामले में आरोपी काबू

अंबाला। थाना महेशनगर पुलिस ने विकास पुरी नजदीक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित घर से नकद राशि चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही संजीव कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता संदीप ने 12 अक्तूबर 2026 को शिकायत दी थी कि 7 अक्तूबर 2026 को अज्ञात आरोपियों ने उसके घर में बैड की दराज में रखी एक बड़ी रकम चोरी कर ली है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने तकनीकी संसाधनों व साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी साहिल उर्फ लालू निवासी गांव संभालखा को गिरफ्तार किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के रिटायर्ड मैनेजर के खाते से 9 लाख रुपये साफ

अंबाला। अंबाला शहर की न्यू मॉडल कॉलोनी में रहने वाले और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से बतौर मैनेजर सेवानिवृत्त हुए बुजुर्ग साइबर ठगी का शिकार हो गए। ठगों ने जीवन प्रमाणपत्र अपडेट करने का झांसा देकर खाते से 9 लाख निकाल लिए। थाना साइबर क्राइम में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। परिवादी अशोक गुलाटी ने शिकायत में बताया कि वे 11 अक्तूबर की दोपहर 3 बजे उनके मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को सेंट्रल बैंक का प्रतिनिधि बताया और कहा कि उनकी पेंशन जारी रखने के लिए लाइव सर्टिफिकेट अपडेट करना अनिवार्य है। इसके बाद ठग ने उन्हें झांसे में लेकर फेसबुक पर लाइव सर्टिफिकेट अपडेशन नाम का एक एप/लिंक खोलने को कहा। पीड़ित बैंक से रिटायर्ड होने के बावजूद ठगों की बनाई इस फर्जी प्रक्रिया को समझ नहीं पाए। आरोपी के कहे अनुसार उन्होंने एप में अपनी व्यक्तिगत जानकारी, पेंशन खाता नंबर और डेबिट कार्ड के आखिरी चार अंक दर्ज कर दिए। इसके तुरंत बाद उनके फोन पर कई ओटीपी आए। शातिर जालसाज ने उन्हें ओटीपी किसी से शेयर न करने की बात कहकर भरोसा जीता, लेकिन कुछ ही देर में उनके ओवरड्राफ्ट लिमिट से 9 लाख रुपये कटने का मैसेज आ गया। जब पीड़ित ने तुरंत उस नंबर पर वापस कॉल किया, तो आरोपी ने फोन काट दिया और नंबर बंद कर लिया।

- ठग ने जीवन प्रमाण पत्र अपडेट करने के बहाने से बनाया ठगी का शिकार

युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दी प्रेरणा

नुक्कड़ नाटक से नशे के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प से प्रेरित होकर प्रदेशभर में नशामुक्ति जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से विद्यार्थियों, युवाओं एवं आमजन को नशे के शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रमों के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशामुक्ति का संकल्प भी दिलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के अंबाला-वन, अंबाला-द्वितीय, बराड़ा, नारायणगढ़, साहा एवं शहजादपुर ब्लॉकों में नुक्कड़ नाटकों एवं जन-जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना, समाज में जागरूकता बढ़ाना तथा नशामुक्त एवं स्वस्थ हरियाणा के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से प्रभावशाली संदेश देकर युवाओं को नशे से दूर रहने और अपने परिवार एवं समाज को भी नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रमों के सफल आयोजन में सहयोगी संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिला स्तरीय आयोजन में पारस की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।



अंबाला। सरकारी स्कूल में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते छात्र।